राइ छिपी पिय अंग सुहागी रहैं । बड़भागिनि ओई अहैं बरसातमें जे पिय कराठ सों लागी रहैं ८३ धाये हैं आज घने घन घोर सो बोलत मोर बियोग जनाये । जनायके मोह बियोग सों योबन मारत कामके बाण चढ़ाये । चढ़ायके लायेहैं श्यामघटा बदरा चहूँ ओर महा झरि लाये । लायके मोहिं कहां बिलमें अजहूँ नहिं पीउ बिदेश सों धाये ८४ ॥ कबित्त ॥ घोर घन घुमड़ि घटानकी घुमगडनमें बीजुरी प्रचगड नेक धीरज धरीरहो । दादुर चकोर मोर शोर चहुँओरन ते निशि दिन एक झर बरसै हरीरहो । उर लपटाय सुखपाय नवनीत संग जंघजुरि केलिरस रंगमें भरी रहो । गरज हमारी कर दरज दिलोंदे बीचप्यारी नेक ओर घरी द्वैक तो परी रहो ८५ उमड़े सरित सर झारे बेशुमारे अति बहे नदनारे छहरारे जल थलपै । मरुत हहारे तरुवान तोरिडारे पातपात झोरिडारे जारिडारे जवा-दलपै । पैदल सवारन चलत घाट बाटनमें भरोहै चहल बन्दि रहल गहलपै । कन्त बिन कामिनी भयामिनी अटापै लगे घेरेरहे घटा नेक मेरेहि महलपै ८६ ॥ सवैया ॥ चातक मोर करैं अति शोर उठी घन घोर है श्याम घटा । चमकै बिजुरी अति जोर भरी अरु लागिझरी लिये ठाट ठटा । शोक भरी पछतावै खरी बिरहागि जरी शिरखोले लटा । कराहिके हाय करै पछिताय वह हाफ़िज देखिके सूनी अटा ८७ गरजी पुनि घोर घटा सजनी रजनी दिन ऊबत भीतरजी । तरजी तड़िता

नभ शोर सुने सुमन मन कान भयो मरजी। मरजी हित हाहा करी कितनी अरजी न कबूल कियो बरजी। बरजी नहिँ मानत मेरी भटू भयो चातक सों जियको गरजी ८८ आयो अषाढ़ सुनो सजनी रजनी दिन घेरि घटा घन छायो। छायो बिदेशहि रामचरित्र अँदेश लग्यो है सँदेश न पायो। पायो भले अपने बश कैधौं कहूँ कोऊ सौतिन सेज लुभायो। भायो कहा उनके मनमाहिँ कि पावस आयो पियानहिँ आयो ८९ लागो अषाढ़ सबै सुख सोवत मैं जियमों बिरहादुख बोई। सावन मों सब केलि करैं मैं अकेली परी सँग साथ न कोई। कैसे जियों घर हे सजनी फिरि भादवँ में घनश्याम न होई। कौनसी चूक परी बिधना बरसात गई बरसात न सोई ९० ॥ कवित्त ॥ सावन सुहावन मनभावनकी राह देखि सगुन जगावैं कब नाह घर आवैंरी। देखि घन घटा चित चौगुनो चकित होत छातिन बिच पातिन की लीकें करि जावैंरी। चूनरी कुसुम्भ रँग सोहैं शिर सखियनके झूलतीं हिँडोरा बिरहिनिनको लजावैंरी। जिया हुलसावैं त्रियालोने गीत गावैं हम रामचन्द साहबकी साहिबी मनावैंरी ९१ ॥ सवैया ॥ यह सावन शोक नशावन है मन भावन यामें न लाजैं भरो। यमुना पै चलौ सुसबै मिलिकै अरु गाय बजायकै शोक हरो। इमि भाषत है हरिचन्द पिया अहो लाड़िली देर न यामें करो। बलि झूलौ झुलाओ झुको उझको यहि पाखै पतिव्रत ताखै धरो ९२ ॥ कवित्त ॥ श्याम घटादेह

जाकीदंतपदश्वेत जाकीपौन पुरवाईकीपुकार दरसतु है। मन्द मन्द दामिनि सदाईनि की भूल तापै अंकुश छटानन की कौन सरसतु है । ठाकुर कहत तापै मैन असवार भयो हूलतहै घरीघरीपौन भरसतु है। प्रेमको सँघाती साथी बालम बिदेश छायो छातीपर घूमिघूमि हाथी बरसतुहै ९३ सुन्दर सुखारे अनियारे कारेकारे घन धारे बहु भेष धाम धारे बरसतु है। तरुण तरारे न्यारे न्यारे उदगारे पौन दादुर दगारे धुनि धारे दरसतुहै। पीपी के पुकारे पपीहराउ प्यारे प्यारे सारे दुन्दुभि धुकारे तो अनङ्ग सरसतुहै। अचरज यामें कहु कौन भुवनेश जोपै श्याम मिलबे को मन मेरो तरसतु है ९४ ॥ सवैया ॥ दादुर बोल मचै चहुँओर सुने बिरही हिय ताप बढ़ावत। पावस की झमकी रतिया पति की छतिया बिन कौन बितावत। बोलहिंगे अलि कुञ्जनमें बनके मुरवा धुनि टेर सुनावत। काह कहीं सखि नाह बिना अब ये बदरा बदराह मतावत ९५ आवत देरभई बरषै न लगे करषै पिक चातक दादर। मोर सशोर लगे घरषै चित चोर सने सुख सौति स-हादर। बन्दि उपाय बनै न किये नहिँ फारिकै लाज समाज कि चादर। बाढ़ धरायकै देती जराय ये दायक गाढ़ असाढ़के बादर ९६ ॥ कवित्त ॥ बाजत नगारे घन ताल देत नदीनारे झींगुरन झांझ भेरी भृङ्गन बजाईहै। कोकिल अलाप चारी नीलकण्ठ नृत्यकारी पौन बन धारी चाटी चातक लगाईहै। मणिमाल जुगनू मुवा-

रक्त तिमिर थार चौमुख चिराग चारु चपला जगाई है । बालम बिदेश नये दुखको जनमभयो पावस हमारे लायो बिरह बधाईहै ९७ हरित हरित हरि लेत मन बेली बन सघन घटान घन घिरि घहराने हैं। बोलैं चहुँ ओर कीर कोकिल पपीहा मोर कुञ्जकुञ्ज गुंजैं अलि पुंज मनमानेहैं। अंकुर बिछाय हित कीनी मरकत मणि तामें इन्द्रबधू जाल लाल सब जाने हैं। दिशि दिशि देख द्युति चाह मनभावन की सावन की सबजीमें सबजी भुलाने हैं९८ कारेकारे बादर सो बरसत आदरसों दादुर पपीहा पिक उर न समातके। ठौरठौर सरस सरोवर अथाह भये गुंजरें मधुप पुंज पातें जल जात के। हरी हरी दूब छोटी तापर बिराजैं बुन्द उपमा बनीहै मित्र निरखि सिहात के। सावन सनेही मनभावन रिझावन को बोतिन गुथाये हैं दुलीचा सकलात के ९९ मानो सक्र चोप तम्बू ठाढ़ो है सुरुख श्याम डोरी सखतूल तामें लागतसुहावने। कहै शिवराई शोर करत कलापी पापी झिल्ली झनकारत बिरह उपजावने। ताही समै प्यारी सखियान ते कहत बात लाल बिन घरी घरी युगन बितावने। काम बादशाह के हुकुमते फराम मानो सबुज बनातके बिछाये हैं बिछावने२०० सावन सजल घन बरषै अखण्डधार चहूँ ओर नार खार ताल झिलि भरिगे । झिल्ली झनकार रव दादुर अपार मोर शोर कुहुँकारन उदार कबि करिगे। हरी हरी भूमि तापै इन्द्रबधु फैलिरहीं

उपमा सुताकी रसरास चित्त धरिगो। सबुज बनात पर मानो मैन जौहरीकी गाँठिते उचटि पुंज मानिक बिथरिगो १ बादर उतङ्ग अङ्ग डोलत अनङ्ग भरे बगन कतार दन्त दीरघ सँवारेहैं। चरखी चमक तरकत औ गरजगुंज बरषै मदन निशि नीरके पनारेहैं। सोमनाथ प्यारे नँदनन्दके बिरह जान ब्रजमें उमङ्गन करोर हन कारेहैं। आये घन भारेमैं बिचार उर धारे येरी कारे रङ्गवारे ये मतङ्ग मतवारे हैं २ पावस विवश निशि बासर निशासे भासे भन पजनेश देशदेशन सवाँरे से। धूम रङ्ग धीरे धीरे धराधर शृङ्गन पै धावत अधर धूर धुन्ध गतवारेसे। छुटे बादवाननि बिलन्द ज्यों जहाज मानो आवत हिलत नित नेह नद वारेसे। होती घनी धूमें धराधरनि की धूमै घेरि घेरि घन घूमै झूमै गज मतवारेसे ३ नाचत कलापी जूह संगलै कलापिनिको झिल्लिनकी भीर झनकारके जमकि रही। दादुरकूरत शोर घोर चहुँ जोरन सों देखु बगपाँति बिरहीन को धमकि रही। कहै हनुमान मान छोड़ि प्राणप्यारी जाय मोहनसों मिलि देखु लतिका लमकि रही। छाय छाय मेहरहे चावन सों ब्योम माहिं धाय धाय चहूं ओर चपला चमकि रही ४ मेचक कवच साजि बाहन बयारि बाजि गाढ़े दलगाजि उठे दीरघ बदनके। भूषण भनत शमशेर सोई दामिनिहै हेत नर कामिनि के मानके कदन के। पैदर बलाके धुरवान के पताके देखि घेरि घेरि जात चहुँ ओराहँ सदनके। नकर नि-

यादर पियासों मिलि सादर ये आये बीर बादर बहा-
दरमदनके ५ कैसीकरोंबीर यह घेरिदिशाविदिशानि
फेरि नभमण्डल घमण्ड घनछायोरी। पीड़ित पियास
परमातुर पपीहापापी पीउपीउ कहि तन अतनजगायो
री। कहतकिशोर तैसी पवन झकोरनसों मोरन त्यों
महत मलार सुर गायोरी। बड़े बड़े बुन्दन बिलोकि
बारिधरबीर अबहीं बरसिगये। फेरि झपिआयोरी६
मोरनके शोरसुनि पिककीपुकार तैसी चातकचिकार
सुनि सूनी श्याम यामिनी। जुगुनू जमक देख झिल्ली
की झनक लेख भयसोंबिशेखशेख डरें गजगामिनी।
झरन झरतनीर कम्पतशरीर येरी बालमबिदेशधीर
धरें कैसे कामिनी। मारे डारें मदन मरोरे डारें दादुर
ये दावे आवें बादर दबाये आवें दामिनी ७ मानगढ़
घेराहोत गरज अरेरा होत दादुर दरेरा होत जेरा होत
याम को। पिक भटभेराहोत धकपक हेराहोत गरब
अरेराहोत बेराहोत साम को। पवन सरेराहोत धनुष
धरेराहोत बुन्दन गुरेराहोत खेराहोत बामको। बीजु-
री उजेराहोत कौंधा चकफेराहोत घनन को घेराहोत
डेराहोत कामको ८ बिज्जुकी छटामें घनघोरकी घटा
में बकपाँति की प्रभा में कैधैं नैननि लगायेना।
दादुर कलामें जोरशोर सरनामें पीउ पीउ पपिहामें
हामें शोरसरसायेना। शक्रउज्जु जामें नीलमणिसी ल-
लामैंभूमिसोहै ठामठामें तामें कामैंतेजतायेना। मोर
हरखामें नदीनदतरखामें अजहूं लौं परखामें बरखामें

हरि आयेना ९ झरकी झरनझार झरसी झरत अंग झंझाकी झकोर झुकि झपट झरीनमें । छटाकी उछटि छवि छपन छपाकरकी छायरही छनदा सुहाई दिनदीनमें । चातक चिकार चकचौंधा चारु चहूंदिशि चकित चकोर चकवानके बिहीनमें । आवसपरे हैं पूर्यीकावस परायेदेश पावसमें थ्यावस रह्यो न बिरहीनमें १० कैधौं वहिदेश घनघुमड़ि न वरसत कैधौं मकरन्द नदीनद पथ भरिगे । कैधौं पिक चातक चकित चक्रवाकबाक मत्तभये दादुर मधुप मोर मरिगे । मेरेमनआवत न आली प्यारे आवतहैं कामक्रूरनिकर महीतेधौं निकरिगे । कैधौं पञ्चशर हर फेरके भसम कीन्हो कैधौं पञ्चशरजूके पांचौशर सरिगे ११ कैधौं उपवन घनघेरिन घुमड़िआये कैधौं कीच भूतल में प्रगटी नहीं नई । कैधौं दबि दादुर रहेहैं डरव्यालन के कैधौं पापी पपिहा पिया की टेर नारई । घासीराम कैधौं पिक बाजनको त्रास मान्यो कैधौं वहिदेशवोर पावस नहींठई । कैधौं काम श्यामजूके तनते निकरि गयो कैधौं मेघ जूझे कैधौं बीजुरी सतीभई १२ कैधौं मोर शोर तजि गयेरी अनत भजि कैधौं उत दादुर न बोलतहैं ये दई । कैधौं पिक चातक महीपकाहूमारि डारे कैधौं बकपाँति उत अन्तर्गतिह्वै गई । आलमकहतआली अजहूं न आयेपिय कैधौं उत रीत बिपरीत विधि ने ठई । मदन महीप की दोहाई फिरिबेते रही कैधौं मेघजूझे कैधौं बीजुरी सताभई १३ ओढ़े नील

सारी घन घटा कारी चिन्तामणि कुचन किनारीचारु चपला सोहाई है। इन्द्रवधू जुगुनू जवाहिर की जगा ज्योति बगमुकतान माल कैसो छबि छाई है। नील पीत श्वेत वर बादर बसन तन बोलत सुभृङ्गी धुनि नूपुर बजाई है। देखिबेको मोहन नवल नट नागर को बरषा नवेली अलबेली बनि आई है १४ कारे कारे धुरवा चिकुर चारु चमकत चञ्चला वरङ्गना सु अति अलबेली है। पचरँग अम्बर अडम्बर पटम्बरनि मुद्रित वदन चन्द सुखद सहेलीहै। जुगुनू जमाति नैन बगुला कतार हार केकी धुनि नूपुर अनूप रसरेली है। कबि शिवदास दिन दूलह मदनभूप बानक बनक बनी बरषा नवेलीहै १५ चंचलासी चौंकति चहूँघा आँशु बरषत फैले तम केशकीन सुधि उरधारी है। इन्द्रगोप झारी है अँगारी बिरहागि बारी भयगा जराऊ ज्योति रिंगन बिसारीहै। शङ्कर बखानै ह्वै पपीहा पीव पीवरटै लाज हंस जामें गति दूरकी निहारी है। शोभा लखि न्यारी मन आपने बिचारी बरषाहै यह भारीकी बियोग बारी नारीहै १६ चूनरी सुरङ्ग साजि सूही अङ्ग अङ्गन उमङ्गनि अनङ्ग अङ्ग अङ्ग उमहतहैं। झुकि झुकि झांकति झरोखनते कारीघटा चोहरे अटा पै बिज्जु छटासी जगतहैं। द्विज देव मुनि सुनि शबद पपीहन के पुनि पुनि आनँद पियूषमें पगतहैं। चावन चुभीसी मन भावनके अङ्कुर तिन्हैं सावन की बूंदें ये सुहावनी लगतहैं १७ रसरँग भरे दोऊ उज्वल अगापे खरे हरे

हरे हेरत सुहेत हिये पटि उठैं। दमकि दमकि ज्ञाति दामिनी चहूंघा चारु चमकि चमकि चूनरी में अद्ध ठटि उठैं। कहै ऋषिनाथ मोर दादुर करत शोर जोर जोर ज्ञमकि पपीहा पीउ रटि उठैं। घुमड़ि घुमड़िघन घिरि घिरि आवें मोद उमड़ि उमड़ि दोऊ छतियां छपटि उठैं १८ घने घन घेरि घेरि उमड़ि घुमड़ि आये ऐसो तम छायो मानो भूमि परसतहैं। चपला चमकि चहूं ओर चारु चारे चित तामें बकपांतिन के पुंज द· रसतहैं। इतै झरिलागी उतै अनुरागी भये दोऊ कैसे हाव भावनमें मैनसरसतहैं। सूरज सुकबि आजु लखें पिय प्यारी संग लाल बँगला में लालरंगबरसतहैं १९ आवत कदम्ब कुसुमनको परागपूरि सीरी पौन लह-लही ललित लतान की। घोरें घन घेरि घेरि पावस अँधेरी पिक कोकिनकी टेर शूनि अरि होत प्रानकी। ऐसे समय कुञ्जभौन आनँद उछाह बाढ़े ठाढ़ेढिग ल-लना मनोरथनि भानकी। सोहन मचाई बात करत रचाई दोऊ छबिसों बचाई छोटें ओट छतनानकी २० चपला चमक घन गरजनि साज संग सहित अनंग के तरंग धरिबो करैं। शीतल सुगन्धयुत पवन सहायकरि बसुधा अपार जलधार भरिबो करैं। चातक पुकारे मोर शोर करि हारे वन झिल्ली झनकारे हर भाँति अरिबो करैं। पियके प्रयङ्कमें निशङ्क ह्वै भरति अङ्क अब घन घोर चहुँ ओर करिबो करैं २१ पकरे उरो-जन के सकुच नवाय ग्रीव नाहीं नाहीं कहि कहि बातें

अरतीहैं जे । हरी हरी डारन में परे जे हिंडोरा तिन्हें देखि झूलिबे को अनखाय लरतीहैं जे । कहै हनुमान तेई धन्य सुन्दरीन माहिं पैन्ह लाल मारो हिये मोद भरतीहैं जे । सावन की हेरि घटा बैठी रंग रावटी में भावनकी गोदमें कलोल करती हैं जे २२ अवली अलीनकी अनोखी नवला लैसंग चोखी रतिहूतें राजै आनँद अथोरे पै । साजे बिन टूषणाके भूषणाको अंगन में औरही अनूप आब आई मुख गोरेपै । कहै हनुमान घरहाईके सकोचनते हेरति न लालै भई शोचनकरोरेपै । हूलै हिये सौति के अतूलै छबि धारि झूलै मन सों पियाकी गोद तनसों हिंडोरे पै २३ हेरिकै बहार बरषाकी बलि बार बार आई बन बाग बीच मदन मरोरे पै । आस पास गावैं मंजु घोषासी सहेली सबै मंजुल मलार मन मोहैं बरजोरे पै । कहै हनुमान ता समान में शचीहै कहा जाके रूप सोहैं रहै रतिहूनिहोरेपै । हीरन जटित चारु चाँदीको तखत डारि बैठी बाल झूलतिहै हेमके हिंडोरे पै २४ जाके मुखचन्द सोहैं लागतहै मन्द चन्द कुन्दन ते सुन्दर सलोनो जासु गातहै । औरै छबिछाय रही अंगनमें अंगना के अंचल ते उघरि उरोज दरसात है । कहै हनुमान प्रेम पूरणा उघरिपरयो छपत न कैसेहू छपाये सरसात है । ज्यों ज्यों मचकीन को मचाय बाल झूलति है त्यों त्यों खरो भूमें लाल लपि लपि जातहै २५ नाजुक नबेली अलबेली लै सहेली संग आई बर बाग बीच अधिक

निहोरे पै । हरी हरी क्यारिन में डोलैं गलबाहीं दिये बोलैं बैन मधुर सुभाव भाव भोरे पै । कहै हनुमान ज्योंहीं झूलिबेको कीनोमन त्योंहीं मान छाड़ि है सुहाई सुख गोरे पै । झूलति हमारे हिये हूलतिहै सौतिनके फूलति कलीसी बाल बैठी जो हिंडोरे पै २६ करत अकाश बारि बाइक बिलास तैसे बुंद परैं बसन कुसुम्भी रंग बोरे पै । क्षगा छबिछटा तैसी घटा घन घहरात हीरन के भूषगात्यों सोहैं तन गोरेपै । गिरिधरदास लिये गिरिधर लालसंग झुकति झपकि जाति थोरेहू झकोरे पै । हूलति है शूल सुख सौतिउन मूलतिहै फूलति है झूलतिहै हेमके हिंडोरेपै २७ रहसि रहसि हँसिहँसि के हिँडोरे चढ़ी लेति खरीपैंगैं छबिछाजै उकसनमें । उड़त दुकूल उघरत भुज मूल बढ़ी सुखमा अतूल केश फूलनि खसनमें । औ झूलहू देखि देखि भये अनिमेष श्याम रीझत बिसूरि श्रमशीकर लसनमें । ज्यों ज्यों लचि लचि लंक लचकत भावती को त्यों त्यों पिय प्यारो गहै आँगुरी दसनमें २८ प्रेममद पागे अनुरागे लाल बागे दोऊ लागे भले लोचन को झूलत हिंडोरना । लोनीहै चपल द्युति चोरनै चुराय चित चन्द मुखी चंचल चयन गुन बोरना । ज्यों ज्यों प्राणपति परिरंभण करत त्यों त्यों भावती मूरति यहै शोचके झकोरना । शिरस सुमनहूते कोमल किशोर उर कठिन कठोर कहूँ गड़ै कुचकोरना २९ रागभरी भीजी सी हिंडोरे झूलैं सूहे पट प्यारी मुख चन्द पै चकोर

झगारतहैं। भूधर सुकवि बोर, कंठ माहिं मणि माल बाजूबन्द किंकिणी कनक नगरत हैं। गहे कर डोरी ज्योति ज्योति जीति लालनसों सौरभ समन भौंर भ्रम डगरतहैं। कहूँ फूले फूल कहूँ उड़त दुकूल कहूं उर उघरत कहूंवार बगरत हैं ३० बैठी है हिंडोरे बीच प्र-खत सुकंचनके जेब सरदारी की सजी जन झुलावहीं। दुहूँ ओर चँवर डुलावैं सखी चौंरदार सायबान संग सो झुकायेहीं झुलावहीं। खुलेवार हारन जवाहिरहू जगमगात देखैं सोहैं लाल ठाढ़े डीठि न डुलावहीं। नागर सुगन्ध की झकोर उठैं पैंग संग झूलैं प्यारा साहिब मुसाहिब झुलावहीं ३१ फूलन के खम्भा पाट पटरी सुफूलनकी फूलनके फन्दमें फंदेहैं लाल डोरेसें। कहै पदमाकर बितान तने फूलनके फूलनकी झाखर यों झीलति झकोरेमें। फूलरही फूलन सुफूल फुल-वारी तहाँ फूलईके फरस फबे हैं कुञ्ज कोरे में। फूल झरी फूलभरी फूलजरी फूलनि में फूलईसी फूलति सुफूलके हिंडोरे में ३२ यमुनाके तीर भीर भई है हिं-डोरना पै दूरहीते गहगही गति दरसत है। गान धुनि मन्द मन्द आवतिहै कानन में बीच बीच बंशी धुनि प्रान परसतहै। देखिकारे द्रुमन लतान मांझ दामिनी सी पट फहरात पीत शोभा सरसत है। हाहा चलि नागर पै हिय तरसत आली आजु वा कदम्ब तरे रंग बरसतहै ३३ कूकन मयूरनकी सुरधाके धुकनकी झू-कन समीरनकी खसन प्रसूनकी। दमकनि दामिनि

की भामिनिकी रमकनि झमकनि नेहकी करोररति हूनकी। नायकी सों मानिनकी झोंकैं चढ़ियाननकी हँसि हँसि झुकि झुकि सामन दुहून की। उड़न दुकूलनकी छबि भुज मूलन की काम मन हूलन की झूलन दुहूनकी ३४ बरसै सघन घन सावन सुहाई बूंदैं कुंजमें पवन चलै लहर झकोरे मैं। कुहु कै पपीहा मोर दादुर करत शोर गुंजत भवँर बिज्जु नचत सुजोरे मैं। आनँद कहत सखी चहूँधा चँवर ढारैं हाथन लगाई आगो लालरंग बोरे मैं। लहकि ढरकि जाती अलकैं कपोलनपै लचकि लचकि झूलैं मचकि हिंडोरे मैं ३५ घाँघरे की घुमड़ उमड़ चारु चूनरी की पायन सलक मखमल बरजोरेकी। भृकुटी बिकट छूटी अलकैं कपोलन पै बड़ी बड़ी आँखिन में छबिलाल डोरेकी। तरिवन तरल जराऊ जरबीले जोर स्वेदकन ललित बलित मुख मोरे की। भूलत न भामिनी की गावन गुमान भरी सावन में श्रीपति मचावनि हिंडोरे की ३६ चूनरी की चहक चमक चारु चोपन की चुरियाँ की चुहुरि चितौनि चख चोरे की। कहै पदमाकर मनोज मदमाती मंजु मेहँदी की महक मजेज मुख मोरेकी। गोला गर्व गँजन गुलाई गोल गालन की गहगही गालिब गोराई गात गोरेकी। हरित हरा की हीर हारकी हमेलहू की हलनि हियाई हरै झूलनि हिंडोरेकी ३७ सघनघटान छबिछ्योति की छटान बीच पिकनकी रटान ज्योति जोमन जुड़ैयरै। हारहिये

हरित नदीन नद भरित झरीन झर झरित सो बरसि धुईपरै। ऐसेमें किशोरी गोरी झूलति हिंडोरे झुकि झुकनि झकोरैं फैल फूलन फुईपरै। कीजिये दरश नँदनन्द ब्रजचन्द प्यारे आजुमुख चन्दपर चूनरि चुई परै ३८ झूलिबेको रसबस नवल हिंडोरे चढ़ी तासमन कोऊ सुर किन्नर असुर को। कहै घनश्याम अभि- राम दृग चंचल सो अंचल उड़त बरसौं को छबि उर की। ख्याल के मचतही लचत उर बारबार मानो बिपरीति रति सीखबेको दुरको। उछरि उछरि चोटी पीठपै परत मोटी खोटीके परेते ज्यों चमोटी काम गुरकी ३९ फूली फूल बेलीसी नवेली अलबेली बधू झूलति अकेली कामकेलीसी बढ़ति है। कहै पद्मा- कर झमंक की झकोरनसों चारोंओर शोर किंकि- नीनकोमढ़तिहै। उरउचकाय मचकीनकी मचामचसों लंकहि लचाय चाय चौगुनो चढ़तिहै। रति बिपरी- तकी पुनीत परिपाटीमनो हैंसनि हिंडोरेकी सुपाटी में पढ़तिहै ४० सावन सखीरी मन भावन के संगवसि क्योंनचलि झूलति हिंडोरे नवरङ्गपर। कहै पद्माकर सुयोवन तरंगिनते उमँगि उमंगत अनंग अंग अंगतर। चोखो चूनरीकी चारोंतरफ तरंग तैसी तंग अंगियाहै तनी उरज उतंगपर। सौतिनके बदन बिलोके बदरङ्ग आज रङ्गहैरी रङ्गतेरी मेहँदी सुरङ्गपर ४१ दोऊ रूख मूलझूल झूलमखतूलझूला लेतसुखमूलकाहि तोयभरि बरसात। छूटिछूटि अलकैं कपोलनपै छहरात फहरात

आंचर उघारजते उघरिजात । रहोरहो नाहीं नाहींअब ना झुलाओ लाल बबाकीसों मेरेये युगलजानु थहरात । ज्योंहींज्यों मचत लचकत लचकीलो लंक शंकनिमयंक मुखी अंकनि लपटि जात ४२ झूलत हिंडोरे प्रिया प्रीतम यमुन तीर बोलें पिक कीर छबि छाजत लतानकी । बांधेपाग पचरंग ओढ़े चूनरी सुरंग कंचु की दुरंगबेंदी कोरिद्युति भानकी। ब्रजबधू गावैं झुकि झुकिके झुलावैं श्यामा श्यामको रिझावैं होतबरषा सुगानकी। घोर घनगाजै बगपांतिहू बिराजै ताकेबीच बीच बाजै बंशी सुन्दर सुजान की ४३ झूलत हिंडोरैं उठैं छबिकी झकोरैं मन माधुरीमें बोरैं पानखान मुसकानकी । जोरैंदृगकोरैं हिये सबके मरोरैं मानो शोभा चोरिरहोरैं द्युति पट फहरानकी । योवन के जोरैं झूला थामत निहोरैंहूंन चोप दुहूं ओरैंछूवैं फुनग लतानकी। बेणीहू हिलोरैं फूलछोरैं हार डोरैंलखि आली दृग तोरैंसुधि भली गान तानकी ४४ कौनपरी चूकमोसों एरी मेरी बीरजासों कीनी मन मोहनने ऐसी हायघतियां । काये परदेश पायों कछुना सँदेशयेही जियमें अंदेश कबों भेजत ना पतियां । कामकी सताई बिन रोयकै बिताओं लाल कैसे कलपायों पीर होत अति छतियां । तापे कल पावनको बिरह बढ़ावनको आई दुखदाई फेरि सावनकी रतियां४५ आयोपुनि पावस अमावस निशाभोदिन छिन बिन प्यारे कहि भांतिन बितायहैं। किरचैं करेजहू की कोकिलें करन लागी

मोर शोर सुनि किमि चित्त ठहरायहैं। बेदरदी बैरी बबदरा बड़े बुरे नित प्रति तासों प्राण कैसे कै बचाय हैं। परत न एकौ पल कल लाल क्यों हूँ हाय काके गरे लागि काम तपनि मिटायहैं ४६ ॥ सवैया ॥ ऋतु पावस आइगो भागनते सँग लालके कुंजनमें बिहरो। नहिं पायहौ औसर और युवत्व कहा अबलाज लजाइ मरो। गुरु लोग औ चौचँद हाइन सों बिरथै कहिकारण बीर डरो। चलि चाखै सुधा अभिलाखै करो यहि पाखै पतिव्रत ताखै धरो ४७ ॥ कबित्त ॥ घन को घमक औ बनक बकपांतिनकी बीजुरी चमककार बालसी दिखातरी। ललित लतान लखियत है नदान और कहे परमेश त्यों बहत बेश बातरी। मोरन को शोर चहूँ ओर होत ठौर ठौर दादुरकी दन्दघोर करैं तनु घातरी। सुख सरसावन लगेरी लोग गावन को बिना मन भावन न सावन सुहातरी ४८ डोलै पौन परसि परसि जल बूंदन सों बोलै मोर चातक चकित उठी डरि मैं। कहांलों बराऊँ दई मारे मैन बाणनसों थकि रही केतिको उपाय करि करि मैं। दत्त कबि प्यारे मनमोहन न पाऊँ कहौ मन समझाऊंरी कहा लौं धीर धरिमैं। छाये मेघ मगन सुहाये नभ मण्डल में आये मनभावन न सावन की झरि मैं ४९ मद मई कोयल मगन ह्वै करत कूकैं जल मई मही पग परते न मगमें। बिज्जु नाचै घनमें बिरह हिय बीच नाचै मीचु नाचै ब्रजमें मयूर नाचै नग में। श्रीपति सुकबि

कहै सावन सुहावनमें आवन पथिक लागे आनँद भो अँगमें । देह छायो मदन अछेह तम छिति छायो मेह छायो गगन सनेह छायो जग में ५० भूली किधौं ह्यां की पौर बाढ़ीहै उहां की भरै नैन झरना की सुधि आय उर वाकी है । चपला चलाकी करै नटकी कला की तैसी दौर बादराकी ओधुकार धुरवाकी है । हैन कछु वाकी औध आसरा निशा की तामें आइ परै डांको ये झकोर पुरवाकी है । टेर पपिहा की करै शेल समताकी डरै करै उर झांकीमे पुकार पुरवाकी है ५१ कंठ कित होत गात विपिन समाज देखे हरी हरी भूमि हेरि हियो लरजतु है । निपट चवाई माई बन्धु जे बसत गावँ दावँपरे जानिके न कोऊ बरजतुहै । एते पै करन धुनि परत मयूरनकी चातक पुकारि तेह ताप सरजतुहै । अरजो न मानी तू न गरजो चलत बेर एरे घन बैरी अब काहे गरजतु है ५२ पौन हहराय बनबेली थहराय चारु लहराय सौरभ कदम्बन की सानते। झिल्ली झननाय पिकचातक बिचारउठे बिज्जु छहराय छाय कठिन कृपानते । कहै करनेश चमकत जुगुनू नचाय मेरे मन आई ऐसी उक्ति अनुमानते । बिरही दुखारे तिनपर दईमारे मानो मेघ बरसतहैं अँगारे आसमानते ५३ ॥ सवैया ॥ कर कागद लैके वियोगिनि नारि लिखै इमि प्रीतम को पतियां । यहि पावसमें परदेशछये बलिहारी तुम्हारी शिलाछतियां । सखियां पियसङ्ग हिंडोरे चढ़ीं कहैं गीतमैं गाभीभरी

बतियां । अतिकारी डरावनी सांपिनिसी मोहिं ग्रा-
सति सावन की रतियां ५४ सखियां कोउ झूकते झू-
लनके डरि लागहिं प्रीतम की छतियां। कोउ डोरधरे
कर एक रह्यों एकरो पीकी बचावतिहैं घतियां । कोउ
गाइ मलार रिझाइरहीं अरु कोउकरें रसकी बतियां।
कवपीर निवारिहौ मोंहियकी पियजातीहैं सावनकी
रतियां५५॥कवित्त॥धीरगयो हीको सुनि शोर बरहीको
बीर नाम लैके पीको या पपीहा आनि पीको है।
मेघ अवली को घोर पौन अवलीको बहै मार अवली
को हायमार अवलीकोहै । नाहसे पथीको कहूँ आइबो
नहीको कहै देखि अवनीको रँग लागत न नीकोहै।
डारै अधजीको मोहिं कीने अधजीको यह जानत न
जीको भेद हरत न जीकोहै ५६ पीउ पीउ करन मिलैं
जो मोहिं आज पीउ सोने चोंच चातक मढ़ाऊँ अति
आदरन । कठिन कलापिन के कंठ न कटाइडारों देत
दुख दादुर चिराय डारों दादरन । मोतीराम झिल्ली
गन मन्दिर मुँदाइ डारौं बधिक बुलाइ बांधैं बन की
बिरादरन । बिरहा की ज्वालन सों जिरह जराइडारों
श्यामन उड़ाऊँ बैरी बेदरद बादरन ५७ लगो सो लगाई
लङ्कखेहनि खराबकरौं मारि करौं मोरन अहार मार
जारको । सुकवि निधान कान आंगुरिन मूंदि मूंदि
सुनिहौं न घोर शोर झिल्ली झनकारे को । भेकनको
भीर महसानन मिटाय डारौं मेटिडारौं गरब गरूर
घनकारेको । पाऊँ जो पकरि कहूँ जाल सों जकरि

तन फोड़ा फोड़ा करों या पपीहा दई मारेको ५८ कै धौं वा विदेश घन घुमड़ि नछावैं चहूँ कैधौं वा विदेश कहूँ दामिनी न दरसै । कैधौं वा विदेश मोर शोर ना मचावैं जोर कैधौं वा विदेश वेग बोलिकै न हरसै । कैधौं वा बिदेशमें न झींगुर झनक झुण्ड कैधौं वा विदेशन जुगुनू ज्योति सरसै । कैधौं वा विदेशराम चरितरसिक कोऊ कैधौं वा बिदेश घटाघेरिकै न बरसै ५९॥ सवैया॥ निज नैननको बरसा बरसा तरसातन आंशुन धोवती हैं। कहुँ रामचरित्रन रोवतीहैं दिलको दिलही बिच गोवती हैं । हमतो नित पावसकी निशिमें सखि सूनी सेज टकटोवती हैं । धनिवै धनि पावसकी रतियां पतिकी छतियां लगि सोवती हैं ६० धनिवै जिन प्रेम सने पियके उरमें रस बीजन बोवती हैं। धनिवै जिन पावसमें पिसिकै मेहदी करकञ्ज मलोवतीहैं । धनिवै जिन सूरति साजिसजैं हम लाज के बोझ को ढोवती हैं । धनिवै धनि सावन की रतियां पतिकी छतियां लगि सोवती हैं ६१ धनिवै जिन पावसकी ऋतुमें नित प्रीतिमें प्रीति सँजोवतीहैं । धनिवै जिन कारी घटा में अटाबिच बिज्जु छटा छबि छोवती हैं । धनिवै जिन रामचरित्र हिये हिलि होसन हर्षित होवती हैं । धनिवै धनि पावस की रतियां पतिकी छतियां लगि सोवती हैं ६२ ॥ कवित्त ॥ पौन झकझोर घनघोर घनेघटा छटा अटा बिच बिरह के तापतन तापिनी । कहूँ कलना परै कामिनी काकरै दरैदुख दापते दामिनी दा-

पिनी। दादुरौ झींगुरौ मोर सब शोरते रामचरित
बधे बोलि पिक पापिनी। भूल भूषणभयो चुरी चुर-
इल भई राति रक्सिनि भई सेज भइ साँपिनी ६३ ॥
सवैया॥ अब सावन में इतनी गरमी भरमी मतिभोग न
भावतहै। ऋतुमें अनरीति भई सजनी रजनो दिन ज्यों
उवि आवतहै। कवि रामचरित्र कहै किमि कै सुख
सोइये तापन तावतहै। बरसातमें बारि भरे बदरा ब-
रसावत ना तरसावत है ६४ ॥ कवित्त ॥ लागे भरि जोर
मोर कुहुँकन कुंजनमें पपिहा पिया को नाम लैलै कै
धुकारैरी। कहैं नृप रामपरताप कारी कैलियाहू कूक
देती हूकै अरु झिल्ली झनकारैरी। दादुर रटनि सुनि
हियरा फटन लाग्यो जुगनू चमकि सुधि सकल बि-
सारैरी। हाय प्राणप्यारे बिनु घेरि घन आये चहुं
बिरह बिथामें मार मार मारडारैरी ६५ उमड़ि घुमड़ि
घन बरषन लागे चहूं दशाहूं दिशा में लागी दमकन
दामिनी। पौनको झकोर अङ्ग अङ्गको मरोरदेत सा-
वनकी कारी अति भारी लगै यामिनी। रामपरताप
ऐसी समै जाको प्यारो ढिग वाको अति आनँद वो
धन्य धन्य भामिनी। मेरे प्राणप्यारे तो बिदेश में
बसतहायपरी सूनीसेज तलफति ह्यांमें कामिनी ६६ ॥
सवैया ॥ प्यारे औ प्यारी अटा पर बैठिकै देखत दोऊ
घटाकी छटारी। बारहिं बार गराजत बादर दामिनियां
करती ज्यों पटारी। बोलै प्रिया हँसि पीतम सों यह
कारी घटा उनईहै अटारी। रामप्रताप संयोगी सुखी

पै बियोगिनिको भई बूंद कटासी ६७ घेरी घटाघह राय रही दरकावतुहै बिन प्रीतम छाती । कामिनियां हियरा तरसावत दामिनियांचहुंते दरशाती । रामप्रताप झकोरत पौन भई दुखदाइनि सावन राती । तापै बियोग बढ़ावतहै वह पीकहाँ बोलि पपीहरा घाती ६८ को वहिदेश बसै जहँ प्रीतम घेरि घटान कबौं घहरैहैं । की वहि देशन दामिनि दीपति बूंदन मेह नहीं छहरैहैं । की वहि देशन रामप्रतापजू पौन झकोर चहूं लहरैं हैं । की वहि देशमें पापी पपीहा पिया न कहै जो पिया बहरैहैं ६९ ॥ कबित्त ॥ पीउ पीउ रटत पपीहा ऋतु पावसमें दादुर पुकार सो न बांचीकुल चादरन । कोकिल की बोलन मयूर मेरु नृत्यनसों झोली झनकार सुनि भये जिव कादरन । होतो यह काल आली आल जो दिवाकर जू हाव भाव करतो कलोल अति सादरन । जाइ वह देशको बसतहै हमार साईं रोज २ बिरह बढ़ावैं बैरी बादरन ७० आयो ऋतु पावस सुरेर मेरु बोलै मोर धुरवा धुंधार बुन्द बारिके झरै लगी । भनत दिवाकर सुरेश चाप उगो व्योम दादुर दराजसी अवाज करैं लगी । झाइ झाइ बात घहरात घनघोर शोर चातक किशोर चहुं ओर बगरैं लगी । झिल्ली झनकार बकपांती हहकार सुनि नेकुना सोहात आली अक घहरै लगी ७१ पवन वजीर बीर दादुर सिपाही सब पावस मोसाहब पयोद राखे तम्बू तानि । भनत दिवाकर द्विरद शोर घोर घन चपला निशान साज

धनु इन्द्र किरपानि। बरही सवार बकपांति हहकार पिक चारण पुकार बोले बीररस जुह बानि। बूझि के बिहाल बाल आयो रतिनाथ सैन कादर कियोहै व्रजनाथ बिन सूने जानि ७२ झमकि झमकि झूलि रागकी सिखति रीति छहरि छहरि बुन्द गिरत अकासते। भनत दिवाकर करत मोर शोर बन बिहरे बहूटी बीर मेदिनी हुलासते। चातक चवाई चाई सुरति बढावै चाव चूनरि सुरङ्ग रङ्ग बासी है सुबासते। सावन सिरायो मनभावन न आयो आली कादर करत कारे बादर प्रवासते ७३ पालेंगे शचान पिक कोकिल हिवानहेतु वेनीको लुराइ गाड़दादुर लुकावेंगे। भनत दिवाकर सुरज शीश फूल ज्योति आहर सुखाय जिवभूमि प्रफुलावेंगे। बिरह दवारि ज्वाल पेड़ पातजारि डारें वार बगराइके अधार लजवावेंगे। इंधन उसाल लुक पावन प्रकाश करि प्राविट प्रबल तो को ग्रीषम बनावेंगे ७४ कैधौं वह देशशेश दादुर चवाइ डारो कैधौं शैल शिखर शिखीन बैठि बोलैना। भनत दिवाकर की इन्द्रके न देश वह धारा में न धार जल गान वह टोलैना। झिल्लीगण मूकभई शबद सुनावे नाहिं बिपिन बिहङ्ग सङ्ग करत कलोलै ना। ऐसे समय दुन्द मोहिं बुन्दन उदाय हाय पावस निरानो श्याम आवत अबोलैना ७५ सरिता कलोल करे बनिता हिंडोल बरे चपला चमक चहुं ओर नभ दोड़ौना। लता लपटत तरु संगन चलत मरु मुरवा

रहत हरू नेकु सङ्ग तोडौना । भनत दिवाकर समुझ ग्राह मझो कछ अच्छत प्रतच्छ प्रीति राखत है थोड़ौना । सावन भयावन अँधेरीरैनि भादौं कान्ह रहैगी अकेली भौन राधे सङ्ग छोड़ौना ७६ भादौं की अँधेरी धुरवाकी लस्करो पाकशासन करेरी सराक्षरा छोड़े बानरी । बोलत भयान भोगी बासना तजत योगीपति से विहीन ना सोहात खान पान री । भनत दिवाकर करार दरियाव छोड़ी नावके नवाह बादशाह छोड़े शानरी । पावस प्रबल मेरे पिय को छोड़ाय दीन्हों दोयन बिदेशी करें कैसेके पयानरी ७७ बूढके बढत काम पावस सुखदधाम मेघअभिराम श्यामबक्र व्योम उसके । भनत दिवाकर छिहंगचोचा खोताखाइ करत बहार सुलहार लेत खुसके । देखि हरिआई भूमिगाइन हुलास होत रागको प्रकासवोविकास काम कुसके । कुच सहरात घहरात घन खनखन धनधन आली यह कौन चाली रुसके ७८ ॥ सवैया ॥ जाइके द्वारका बैठिरहे जु लहे अबला ब्रजकी दुखभारी । आवत मेघ नयेउनये जुगुनूदरसे सरसे निशाकारी । कोकिलकूक करें हियहूक उलूक सो बोलत पीक पुकारी । आंशु झरें अँखियासेतिया छतिया करके बके हाय बिहारी ७९ ॥ कबित्त ॥ श्याम सम बादर तड़ित पीत चादर से आदर से बातलगे सोठी घनघोरसे । छाती बनमाल से लसेहैं धनु देवराज मोतिन की पांति बक बंशी टेर मोर से । भनत दिवाकर सु आनन निशाकरसे हीरन

से जुगुनू धमांरन के शोरसे। एरे पापी पावसअमावस की राति अस कस अनुहारि पियतोरे मन चोरसे८०

सवैया ॥ घहरारी घने घनघोर घटा करिशोर उठे बहुमोर अटा। घनश्यामैंमिले तियताहीसमै चलीदामिनीसी फहरै दुपटा। वाकेनैन घनेघने घालैं कटाक्ष भनैं भुवनेश सुकोन छटा। जनुविश्व फते करिबेकेहिते फरकावै मनोभव भूप पटा ८१ ॥ कवित ॥ घहरि घहरि घनघोर चहुंओर छाये छहरि छहरि छबि शोभा सरसारैंरी। पवन झकोर जोर दादुर मयूर शोर चोप भरे चारोंओर झिल्ली झनकारैंरी। येरीमेरी बीरबनै धारत न धीर अबपातकी पपीहा पीव पीवके पुकारैंरी। यन्त्र कानधारै अरुमन्त्रको उचारै जाते ताजिके प्रवास मनमोहन पधारैंरी ८२ ॥ सवैया ॥ बन बागन के प्रतिकुञ्जनमें घनी लोनीलवंग लता लहरैं। बसिकेनभ मण्डलमें भुवनेश भले क्षपा जोन्हहियो घहरैं। बरषैं घन आंशुन व्याजन नीर तरूपै अधीर भये घहरैं। पपिहाऊ पिया रटलायो करैं मन मानुषको नहिं क्यों हहरैं ८३ चमकीसी फिरैं चपला चहुंघाद्युति दन्तन को जबहीं सरसै। सुनिके भुवनेश जुबैनसुधासम कोकिलबोलनिको तरसै। यहमेरेही अंगनके परसादते पावस की सुखमा दरसै। लखिके अलकैं घन आंशुन व्याज बड़ेबड़े बूंदन सों बरसै ८४॥ कबित ॥ गरजै चहूंघा घनघोर मोर शोरकरैं लरजैं लतान वृन्द शोभासरसाईहै। दामिनी दमाकैं जुरि जुगुनू चमाकैं कहूं कौ-

लिया दमाकैं भरीकूकैं सुखदाईहै। मन अनुरागैप्रीति रीति उरजागैं लखि इन्दु भटूरागैं बनबागै छहराईहै। अरज्ञ बिहारीपै हमारीभुवनेआयेतौ मिलनके योगबेश पावस ऋतुआई है ८५ पवन झकोरैं झक झोरैंझोरैं बुन्द बोरैंघने घनघोरैं बोरैं दोरैं चहुंओरैंरी। बिज्जु छटाकोरैं बिनयोरैं जी रसालकोरैं आवत असाढ़भारी ठोरैं ठोरैं खोरैंरी। जोरैंप्रेम मोरैं चित्त धीरज बिथोरैं नाहिं मानत निहोरैं कान ध्दुरये फोरैंरी। तोरैंलाज छोरैं कुलकानि बरजोरैंबीर मोरनकी शोरैं मोरैंमन-हिं मरोरैंरी ८६ ॥ सवैया ॥ घूमिघने घुमरैं घनघोरचहूं चढ़ि नाचतमोर अटारी। त्यौं द्विजदेव.नई उनई दर-शाति कदम्बनिकी छबिन्यारी। चूनरिसी क्षितिमानो बिछोईमि सोहति इन्द्र बधूकी पत्यारी। काहि न भाव ति ऐसी समय ठकुराइनि या हरियारी तिहारी ८७ कवित्त ॥ चूनरी सुरंगसजि सोहो अंग अंगनि उमंगनि अनंग अंगनालौ उमहतिहै। सौंध बैठि झांकतीझरो-खनिते कारीघटा चौहरे अटापै बिज्जुछटासी जगति है। द्विजदेव सुनि सुनि शबद पपीहराके पुनि पुनि आनँद पियूषमें पगतिहै। चावन चुभीसी मन भावन के अंकतिन्हैं सावनकी बूंदै ये सुहावनी लगतिहै ८८ सावनके दिवस सुहावने सलोनेश्याम जीतिरति समर बिराजै श्यामा श्यामसंग। द्विजदेवकीसों तनु उबटि चहूंघा रहो चुंबनको चहल चुचात चूनरीको रंग। पीतपट ताने हरयाने लखैं लपटाने उमहि उमहि घन

श्याम दामिनीको ढंग। रतिरन भीजे पैन मैनमदछीजे अरु रसबस होतऊन तनक पसीजे अंग८९ कारो नभ कारी निशि कारिये डरारी घटा झूकन बहत पौन आनँद को कन्दरी। द्विजदेव सांवरी सलोनी सजी श्यामजूपै कीने अभिसार लखि पावस अनन्दरी। नागरी गुणागरी सुकैसे डरैरैनि उरजाके संग सोहैं ये सहायक अमन्दरी। बाहन मनोरथ उमाहैं संगवारी सखी मैनमद सुभट मशाल मुखचन्दरी ९० घहरिघहरि घन सघन चहूंघा घेरि छहरि छहरि विष बुन्द बरसावैना। द्विजदेवकीसों अब चूक मतिदावि अरे पातकी पपीहातू पियाको धुनि गावैना। फेरि ऐसो औसर न ऐहै तेरेहाथ येरे मटकि मटकि मोर शोर तू मचावैना। हैंतोबिन प्राणदेह चाहत जोई अव कतहि मेरिसि तू अकाश बीचधावैना ९१ घूमिकै चहूंघा धायआवैं जलधरधार तड़ित पताके बांके नभमें पसरिगे। द्विजदेव कालिन्दी समीपनकेनीपलके पातपातयोगिनीजमातनते भरिगे। चातक चकोर मोर दादुर सुभट जोर निजनिज दांव ठांव ठांवन सँभरिगे। बिनयदुराय अबकीजे कहा मायहाय पावस महीप के चहूंघा घेरे परिगे ९२ उमड़ि घुमड़ि घनछांड़त अखण्डधार अतिहीप्रचण्डपौनझूकन बहतुहै। द्विजदेवसंथासी कोलाहल चहूंघा नभ मौलते जलाहलको योग उमहतु है। बुधिबलयाको सोई प्रबल निशाको मेघदेखि ब्रजसनो बैर आपनो गहतुहै। येहो गिरिधारी राखो शरण ति-

हारी अब फेरि यहिबारी ब्रज मंडन चहतुहैं९३ जबते हमारे प्राण प्यारेहैं पधारे उत धीरनहिं धारेजात पीर हियमें जगें। शीतल समीरभयो तीर कालिन्दीकेनीर बीर बल बीर बिनु नीर दृगते डगें। केशरी समानजब विरह परेहै आन योग ज्ञानये गयन्द यूथ तबहीं भगें। बोली कोकिलानकी करैंहैं शूल हूलहमैं ऊधोयेकद-म्बनके फूल गोलीसे लगें ९४ दूबरी भईहै देह कूबरी सनेह सुने ऊबरी नशोकसिन्धुपाय ज्ञान वोहितै। रहीं अकुलाय हाय करैं शिर को नवाय कहैं यदुराय रहे केतेदिनको बितै। गाढ़ये असाढ़देखि बढ़ति बियोग व्यथा दामिनी दमक मोर शोरहैं जितै तितै। आये घनश्याम काहू बामने सुनाई टेरि चौंकि चौंकि उठी चन्दमुखी चहुंघा चितै ९५ सावन सोहावन ह्यां लागत भयावन सों आवन अवधि अब शोचैं गजगामिनी। ऐहैं कबहूं धौं बलबीरह्यां कि नाहिं ऊधो कैसे धीर धरैं वे अधीर ब्रज कामिनी। जहां तहां योगन की ज्योति जगें ज्वाल जैसी यमकी जमाति सी जनाति जाति यामिनी। जारैहै पपीहरा पुकारैं पीउपीउटेरि घेरिमारैं बादर दरेरिमारैं दामिनी ९६ लीने लेतज्ञान कोऊ छीने लेत आनि बानि लूटेलेत कोऊ हठिलाज के समाजको। द्विजदेवकीसें या अँध्यारी अन्धाधुंधि मेंकिलेत कोऊ कान्हसुख सम्पतिके साजको। येरी मेरी तोहिं जऊ मानि मानदोय तऊ समय विचारि कीजै ऐसे ऐसे काजको। तोहिं इतमानके अनादरन

घेरो उत बादरन घेरोजाय जाय ब्रजराजको ९७ बरसत मेहनेह सरसत अंगअंग झरसतदेह जैसे जरतजवासोहै। कहै पदमाकर कलिन्दी कुन्द बनपर मधुपन कीन्हो आय महत मवासो है। ऊधो यह ऊधम जिताय दीजो मोहनको ब्रजसों सुबासो भयो अगिन अवासोहै। पातकी पपीहा जलपानको न प्यासो कहा व्यथित वियोगिनके प्राणनको प्यासोहै ९८ सोहत सुभग बैल बाहन बिमल बायु बिशद बकालीशेशहार लपटायोहै। सादर सों लाय बर बादर बिभूति अंग दादुर उमंग धुनि डमरू बजायोहै। कारीघटा गजछाल धारा जटाहै बिशाल दामिनी छटा त्रिशूल सुन्दर सुहायोहै। कारिहै कलेशमोद देहैरी भटू बिशेश धरिके महेशवेश सावन लखायो है ९९ केकिनके नाचगान कुहूंकूक कोकिलकी रटनि पपीहराकी नामधुनि ठानीहै। बूंदनके पात अलि लोचन श्रवत जात जात रगाजात पुलकावलि निशानीहै। मालहैं बिशालबक पांतिनकी दीनद्याल बारिबाह नये वृन्दबन्दनाबखानीहै। झलाझलझल चपलाकी द्युतिध्यानभई पावस न होय भक्तिकला प्रकटानीहै ३०० घनकी घनक घन घटा घनकत आली दामिनि दमकदेत दीपक प्रकास है। बूंदन के फूल जाल धनुलै बिशाल माल आये झुकि मेघसे प्रणामको हुलासहै। मोरनके शोरचहुंओर बिनय दीनद्याल पवन झकोर चोर करैं आस पासहै। पूजन करत प्रीतिरीति प्रकटाय यह पावस

न होय परमेश्वर को दासहै १ श्याम छबि धरे फिरैं धुरवा धरागा छवैरी इन्द्र धनु पीतपट चटक दिखायो है। दामिनि दमक द्युतिदेत देत वोर सोई कुण्डल अमोल लोल गति चमकायोहै। विशद बलाकनकी पांति बनमाल अलि मन्द मन्द मेघ बांसुरीलो स्वर गायोहै। आवनअवधि रही प्यारे मनभावनकी सावन सुहावन सों साजसजि आयोहै २ पावसमें जागि अनुरागिरी सरोज नैनरैन दिनदेत उपदेशको मनोजमुनि। नन्दके किशोर बिन कैसेरहै जीव छिन पीउ पीउहोति पपिहाकी चहूंओर धुनि। अंग थहरानलगे लता लहरान लखि सखिनहिं धीर पीतपट फहरानगुनि। घटाघहरान छिनछटा छहरानलगी हियो हहरानलगो झरि झहरान सुनि ३ आलीप्राशा गाहक बकाली ये बलाहक मैं दाहकसी जगैंपीर इन्द्रगोप गनते। धोरधरैं वोर किमि पेखि सुनासीर चाप उठत समीरलैकलाप तपतनते। ठौर ठौर मोरनकी कोर चहुं ओरचितै हिये बरजोर ह्वै मरोर छिन छनते। दामिनी दमक देखि उठो बरि कुञ्जबाम लखि घनश्यामझरि लगीरीदृगन ते ४ पावसन प्यारी चढी सैनसाजि मैनभारी कोकिलानको बनौलधोल धुजा बकमाल। बंदीजन मोर गन बूंदजोर बानघन दादुर निशान देत दीहदीहनदीताल। प्यारे के निरादर ते कादर करनिहारे कारे कारे धूम धारे बादर हिरद जाल। दामिनि दमक पर बालकी चमक शाल करति बिहालहमें बाल बिना नन्दलाल ५

झूमत झुकत झूमि झूमिघूमि घूमि चले भूमिसों भि-
रत मनो बलके उमङ्गये । बारबार गरज सुनावैं बरजे
न जाहिँ नहींहैं उदारधार मदके तरङ्गये । दन्त बक-
पांतितें डरावैं बिन कन्तभारे अंकुश समीरहू न मानैं
कारे रङ्गये । करिये सहाय आय या छिनमें श्यामघन
होहिँ न सघन घन मदन मतङ्गये ६ सांझहू सकारे
झनकारे होत नदी नारे पावस के मांझ झांझ झि-
ल्लिन तजत ये । दामिनि मशाल को दिखावैं ताल
दादुर दै मोर चहुंओर नाच नाटको सजतये । धुरवा
मृदङ्गनकी धीरधुधुकार ठान रातेंनैन मातकलगानको
भजतये । शोकको जनम ब्रजओकमें भयोहै ऊधो सां-
वरे बिरहते बधावरे बजतये ७ सावन सुहावन बि-
लोयि नभ धनु लेखि यादहोति झटपट पीत अभिराम
की । तकिमृगपांती बिलपाती अकुलाती मतिआवति
सुरति वह मौलसिरी दाम की । मोर चहुंओर देखि
मुकुट सुरतिहोति चपलाचमक देखि कुण्डल ललाम
की । ऊधो ब्रजबाम कैसेधीरधरैं सूनेधाम लखि घन-
श्याम सुधिआवैं घनश्यामकी ८ सांचीकहै रावरेसों
भांवरे लगतमाल आवै जेहिकाल सुधि सांवरे सुजान
की । फूलभार भरी डार जैसे यमजार ऊधो कालिंदी
कछार सजै धार ज्यों कृपानकी । चपला चमक लगैं
लूकहू अचूकहिये कोकिल कुहूक बरजोर कोरबान
की । कूक मोरवानकी करेजा टूकटूक करैं लागतिहै
हूक सुनि धुनिधुरवानकी ९ पावसमें नीरदैन छांड़ैछिन

दामिनिहूं कामिनी रसिक मनमोहन को क्यों तजैं। अचला पुरानी पुलकावलीको आनो उर धायरजवती सरि सिन्धु सङ्गको तजैं। नीरको नपुंसक कहतकवि धीर सबै होयके अधीर तेऊ नारी नारी को भजैं। कुसुमित लतालखो लपटी तमालनसों लालनसों कहो ऊधो क्यों न अजहूं लजैं १० कल न परै हिये कन्हैया की सुगैयालखे चलनसमैया में ललनकह्यो आवनो। औधि आसत्रास रही प्यास अधरामृतको आयो यह सावनो न आयो मनभावनो। पीरे वा दुकूल की सुरति आये शूलउठै कूल कालिन्दीको हूललागत डरावनो। पावस रसमदेखि दहत असम बाण ऊधो क्यों खसम कह्यो भसम चढ़ावनो ११ गये कहि आवन न आये यहि सावन में ऊधो मनभावन भुलाय रहेहैं तहीं। ह्वैरहीं बिहाल बाल ब्रजकी गोपाल बिनारैनि दिनानैनते अपारधार ह्वैबही। वैठि जनपुंज ठाम यमुना निकुंजधाम छांड़ि श्यामपाहि ह्यां सुहात नाहिं है कहीं। गरजैहैं घनघोर लरजै हैं बनमोर नन्द के किशोर सुनी अरजें अजौं नहीं १२ ऐहैं कबहूं धौं हरि कहो तुम सूधो ऊधो ब्रजकी बधूटी. जूटी बूझति हैं बेरिबेरि। देहको परस मृदु सरससनेह वह होयगो दरस घनश्याम को कि नाहिंफेरि। आयो यहसावन न आये मनभावनक्यों लगोहै डरावन मनोज जनुफौज घेरि। दूमैं द्रुमडार छोर झूमैं पिक बरजोर घूमैं घन घोर मोर जूमैं चहुंओर टेरि १३ जादिनते प्राण रख-

वारेने पधारे ऊधो तबते हमारे उर भारे खेद दैसबै। कोकिल कुहूक हूक लगै विज्जुकला लूक टूक टूक करैं हियो मेघ गरजैं जबै॥ घेरे दुख मैनमति धीरज सकैं न धरिआवत न चैन दिन रैनि मन में अबै। पैहैं सुख नैन ससलखे सुखमाके ऐन आये सुख दैन यह बैन सुनिहैं। कबै १४ होयरही हरी हरी ब्रजकी सकल भूमि फूलनके भारझूमि रहीं द्रुमडारी हैं। लहरैं कलिन्दनन्दनीकी नीकी लसे नभ उमड़ि घुमड़ि रहीं घटा घुरवारी हैं। प्यारी मनमोहन जू झूलत हिंडोरे जहां सुरभि समीर धीर चलै सुखकारी हैं॥ प्रेम बश भीजत फिरत फेरि बरषामें बनमें बिहारकरैं राधिका बिहारीहैं १५ यौवन प्रवेश में बिदेश मदसूदनजी निपट अँध्यारी कारी सावनकी यामिनी। यकटक रटत पपीहा पिक नीलकंठ हियो चमकत दमकत ज्यों दामिनी। सूनो सेज मन्दिरमें सुंदरी बिसूरै बैठि प्रीतम सुजान बिन कैसे जिये भामिनी। नैनभरि ढरै मुखहरे हरेकरै हाय उझरि उझरि परै कामभरी कामिनी१६॥ सवैया॥ घनघोर घटा चहुं ओर चली चिनगी जुगनू चमकावनो है। मुरवानकी कूक अचूकहिये सहि हूक महा पछितावनोहै॥ मन माहिं सदा सुदम्पतिके बिरही जन ताप तपावनोहै। अलि सावनमें मनभावनते रहि दूरि महा पछितावनो है १७ चाह चढ़ी चितमें हितको उत कौनहुके रसमें अनुरागे। लेत नहीं सुधि हेत महादुख ये सुरवा मिलि आय अभागे॥ कौलौं

रहौं धरि धीर कृपानिधि बोल उराहनके कहलागे।
देखीलगी गरनूसन के पिय दूसन ह्वै परदेश में पागे
१८॥ कवित्त ॥ आयो ऋतु पावस प्रताप घनघोरभारीसघन
हरीरी बनमराडन बढ़ायेरी। कोकिल कपोत शुक
चातक चकोर मोर ठौर ठौर कुंजनमें पक्षी सब छाये
री।यमुना के कूल औ कदम्बनकी डारनपै चारोंओर
घोर शोर मोरन मचायेरी। येरीमेरी बीर अबकैसेकै
मैं धीरधरौं आये घनश्याम घनश्याम नहिंआयेरी१९
श्वेत श्वेत बकके निशान फहरान लागे ईंचि ईंचि
चपला कृपान चमकायेरी। घहर भुशुराडीकीअवाज
सी करनलागे बुन्दनके झरनन झीने झरिलायेरी।
भनत प्रताप रतिनायक नरेशजूने धीरगढ़ तोरिबे को
पावस पठायेरी। येरी मेरीबीर अब कैसेकै मैं धीर
धरौंआये घनश्याम घनश्याम नहिं आयेरी२०॥सवैया॥
आसव में चपला चष चूंधित चौंकि अचौंकि भुजान
भरैंगे। साहसकै रसकै मुसकै सिसकै बशहीतल ताप
हरैंगे। पीपरदेश करै हियपीर अधीर भये हम हाय
जरैंगे। पावसमें पियप्यारी प्रमोदित कोऊ बिलासी
बिलासकरैंगे २१ सोइगई पैंकिरातमें आजु तहीं मन-
मोहन आइ गयोरी। तौलौं घनेरी घटा लखिकै इन
मोरन शोर मचाइदयोरी। ऐसो बियोग दयो बिधना
सखि सापनेहू न सँयोग भयोरी। कासों कहा कहिये
नँदराम भयोउर सौगुनो शोच नयोरी२२॥कवित्त॥ श्याम
घनघटाछाय आयआय घटापर दामिनिछटा दिखाय

कटासी करावैं लाग। शोरके चकोर मोर मोर मन मोरैलगे दादुर गोहार करि सार गोहरावैं लाग। कोयल कुहूक कूक टूक टूक कीन्ह्यो हिय जुगुनू दियासी बारि अंग अंगतावै लाग। बन्दिबिन भावन प्रपीहा यहि सावनमें पियापिया टेरिटेरि जिया को जरावै लाग २३॥

शरद ऋतुके कबित्त व सवैया॥

कबित्त॥ अम्बर अमल होत चन्दकी बढ़त ज्योत खंजनकी गोतमानो परी आइनाकते। भनतदिवाकर तरंग गंग स्वच्छभयो उग्योहै अगस्त जल सूखे जनु साकते। जहँतहँ पथिक चलन लागे चारोंओर शरद नरेश कियो तिय पिय छाकते। दिनतो बितत संग सखिन हितनसत रातिनाकटत बिनुश्यामचन्दराकते१ दीपदान देवन दिवारीको चढ़ाते सब जुआ खेलि दम्पति हियेमें हरखाती है। वेश्या गण रसिक रिझावैं के शिंगार देहसुख मुसुकाति हरेराग बरखाती है। भनत दिवाकर अटापै घाट बाट गेह रोशनी तमाम चहुंकोन दरशातीहै। प्यारो ब्रजराज बिनपापीद्विजराज सखी रातिये दिवारीकी अराति समझातीहै २ मन्द मुसुकानि चन्द ज्योतिमें उदोति होति कुंदमेंदिखावैं द्युति दशन रसालकी। खंजन लखावैं कान्ह नैन मन रंजनसे पानिलौं सुहावैं कलाकंजन बिशालकी। भौंरनकी गुंज पुंज मंजुल मंजीरनसी हंसनि चलावैं गतिश्यामके सुचालकी। आयोरी शरद काल बरब

